स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653

**Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)**


**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com  Website:www.gpgcdwarahat.**

## One day national workshop 15 July 2023









एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आख्या

(One Day National Workshop Report)

स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा) में दिनांक 13 जनवरी 2022 को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला (One Day National workshop ) का आयोजन प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो0 ए0 के0 जोशी, डॉ0 भरतजी उपाध्याय, डॉ0 नाजिश खान तथा कार्यशाला आयोजक व समन्वयक डॉ0 उपासना शर्मा द्वारा किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत की भी प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रो0 ए0 के0 जोशी ने कार्यशाला को वर्तमान समय की महत्तवपूर्ण उपलब्धि बताया। साथ ही कार्यशाला के शीर्षक सम्बन्धी उद्देश्यों एवं कार्यो की सफलतापूर्वक सम्पन्न होने की शुभकामनाएं दी।

इसका विषय **"पेंटिंग के क्षेत्र में स्वरोजगार एवं कैरियर की सम्भावनाएँ"** था। यह राष्ट्रीय कार्यशाला आफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की गयी। प्रमुख वक्ता व विषय विशेषज्ञ के रूप में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कपकोट (बागेश्वर) की ड्राईंग व पेंटिंग विभाग में कार्यरत असिस्टैंट प्रोफेसर श्रीमति ममता सुयाल तथा आर्टिस्ट एवं समाजसेविका श्रीमति सोनल कौशिक, गुरुग्राम हरियाणा थीं।

इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य पेंटिंग के क्षेत्र में स्वरोजगार की सम्भावनाओं को उजागर करना था। श्रीमति ममता सुयाल ने पेटिंग के सैद्धान्तिक पक्ष के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की साथ ही कपड़े, लकड़ी आदि पर पेंटिंग के प्रकार व एनिमेशन सम्बन्धी विचार भी साझा किये। उन्होंने युवाओं से आहवाहन किया कि वे चित्रकारी को स्वरोजगार का जरिया बनाकर आर्थिकी को मजबूती दे सकते हैं।

आर्टिस्ट एवं समाज सेविका श्रीमती सोनल कौशिक ने विभिन्न व्यवहारिक प्रकार और तकनीक से प्रतिभागियों का साक्षात्कार ऑनलाइन माध्यम से ही कराया। इसके साथ रंगों के विभिन्न प्रकार से बनाई गई पेंटिंग और चित्रों का प्रस्तुतीकरण किया। इसमें 75 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में भारत के कई राज्यों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखण्ड आदि राज्यों के विद्वतजन, शोधार्थी एवं छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इनमें डॉ0 चारू दत्त आर्या, डॉ0 दीपक खाती, डॉ0 साधना तोमर आदि ने भी प्रतिभाग किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 भरत जी उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 पूनम पंत, डॉ0 निर्दोषिता बिष्ट, डॉ0 निशा, डॉ0 भावना कपकोटी, डॉ0 शर्मिष्ठा, डॉ0 नम्रता पाण्डे, डॉ0 दीपिका नेगी, डॉ0 प्रियंका गुप्ता, श्री गणेश कुवार्बी, हरीश सिंह, ओम प्रकाश, स्नेहा बिष्ट, मीनू अधिकारी, किरन मेहरा, दिशा राणा आदि उपस्थित रहे।

Uparna

आयोजक सचिव/संयोजक

(डॉ0 उपासना शर्मा)


अर्थ शास्त्र विभाग

प्राचार्य

स्व0श्री म0मो0उ0स्व0सं0से0

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

द्वाराहाट अल्मोड़ा. 263653



कार्यालय, प्राचार्य,स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।

एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आख्या

स्व0श्री म0मो0उपा0स्व0सं0सैनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोडा)में दिनांक 15जुलाई2023 को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला(National Workshop)का आयोजन किया गया। इसका विषय केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित था।इसमें प्रमुख रूप से आजादी का अमृत महोत्सव, उन्नत भारत अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, जी–20, नशामुक्त भारत अभियान आदि था। यह राष्ट्रीय कार्यशाला खादी और ग्रामोद्योग आयोग, उद्यम मन्त्रालय भारत सरकार की ओर से प्रायोजित हुई थी। इसमें राज्य कार्यालय देहरादून से पूर्व सहायक निदेशक–तकनीकी सलाहकार(खादी और ग्रामोद्योग आयोग) श्री एस0 आर0डोभाल एवं उनके सहयोगी श्री ओ0पी0उपाध्याय,श्री डी0डी0 जमलोकी तथा श्री भवान सिंह गिरि (जिला समन्वयक अल्मोडा) खादी और ग्रामोद्योग आयोग उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमति ज्योति साह मिश्रा जी ने उपस्थित होकर अपना सारगर्भित एवं उदेश्यपूर्ण वक्तव्य दिया। द्वाराहाट तहसील से आयी हुई तहसीलदार श्रीमति लीना चन्द्रा जी ने स्वरोजगार के लिये छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित सम्मानित महिलाओं को प्ररित किया।

राष्ट्रीय कार्यशाला में श्री एस0 आर0डोभाल जी ने महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सरकारी नीतियों के विषय मे विस्तृतजानकारी दी। उन्होने बताया कि लघु उद्यम स्थापित करने के लिए वित्त की व्यवस्था कराना भी खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का प्रमुख कार्य है।

इस एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में एक भारत श्रेष्ठ भारत की संयोजक डा0 उपासना शर्मा ने कहा कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" का स्वप्न यथार्थ की ओर प्रगतिमान है। ऐसे में 21वीं शताब्दी में महिलाओं की अहम भूमिका है जिसे वे पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह से निभा रही है। कार्यशाला में संचालित योजनाओं के प्रभारी व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें डा0भरतजी उपाध्याय, डा0संजीव सक्सैना, डा0अंजुम अली,श्री विपिन चन्द्र, डा0सुमन गडिया, डा0निर्दोषिता बिष्ट, डा0शर्मिष्ठा, डा0पूनम पन्त, डा0महेन्द्र प्रसाद, डा0निशा, डा0भावना कपकोटी, डा0भगवती प्रसाद, डा0गीतू कुँवर, श्री प्रमोद कुमार, डा0मनीष चन्द्र आदि उपस्थित रहे। डा0शैलेन्द्र कुमार व डा0दर्शन सिहं काम्बोज ने नशा मुक्त भारत अभियान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डा0भरतजी उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का विशेष सम्बोधन प्रभारी प्राचार्य डा0उपासना शर्मा द्वारा दिया गया। कार्यशाला को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने पर डा0 पूनम पन्त एवं श्री विपिन चन्द्र जी का विशेष सहयोग रहा।

प्राचार्य 15.07.2023

स्व0श्रीम0मो0उ0स्व0सं0सेनानी


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।

**A cleanliness drive was organized by the Department of English under the Green Campus, Clean Campus campaign.**



**Working Model Competition**








*Working Model Compitition Results 2023*
*Deptt. of Physics*

| Position | Members of Group | Theme |
|---|---|---|
| I | Harsit Basera<br>Pawan Bisht, Rohit Chandra<br>Mohit Bisht, Rahul Rautela | Earthquake Alarm |
| | Vijay Kumar, Bhuwan Chandra<br>Lucky, Chandan Singh Negi | Telescope |
| II | Lata Pandey, Nidhi Joshi<br>Kiran Khulbe, Suman Adhikari | Newton Cradle and Hydraulic Machine |
| III | Princy , Kiran Adikari, Diya<br>Komal Tripathi | River Cleaner Machine |







Zoology Department Working model Competition

**Results:**

I st Group : Manisha Arya, Khushi Adhikari Tanuja Agari, Bhagwati (B.Sc. IV Sem)
II nd Group: Rohit Kumar , Rohit Singh Adhikari, (B.Sc IV Sem)
III rd Group: Kalpana , Divya (M.Sc.II Sem)

**Play on Endocrine System**







**Endocrine Gland System**

Garima Pandey – Adrenal Gland
Deepika Khatri –Mother's Role
Deepika Pant- Son
Sonali Rautela- Pancreas Gland
Akanksha Raj- Pineal Gland

Jyoti Negi-Testes
Babita Mehra- Overy
Neha Sah - Blood
Prerna Negi – Thyroid Gland
Uma- Pituitary Gland

**Field Study (Ecological) trip**







स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653

**Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)**

**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com Website:www.gpgcdwarahat.**

**Pre-Event Programme on disaster Management for Sixth World congress on disaster management- 22-11-2023**



कार्यालय, प्राचार्य,स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।

पत्रांक 289 / 2023—24 दिनांक: 22 / 11 / 2023

**आख्या**

स्व0श्री म0मो0उपा0स्व0सं0से0राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट, (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड के अत्यन्त महत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता के पत्रानुसार (पत्रांकः डिग्री विविध—(वि0) / 4885 / 2023—24 दिनांक 18. नवम्बर, 2023) आपदा प्रबन्ध पर 6th Word Congress on Disaster Management(WCDM) हेतु प्री—इवेंट का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में अर्थशास्त्र की विभाग प्रभारी डॉ0 उपासना शर्मा द्वारा "Strengthening Climate Action & Disaster Resilience: Mountain Ecosystems and Communities विषय पर कार्यकम आयोजित कराया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार द्वाराहाट श्रीमती लीना चन्द्रा जी उपस्थित रहीं।

इस कार्यकम में रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ0 दर्शन सिंह ने विषय से सम्बन्धित अपना ववत्तव्य प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण आपदा से होने वाली हानियों को कम करने के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही तुलसी के पौंधे के गुणों का वैज्ञानिक पद्धति से वर्णन किया। आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ0 मनीष चन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये और धन्यवाद ज्ञापन किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र कुमार के अतिरिक्त प्रो0 संजीव सक्सेना, डॉ0 बिपिन चन्द्र, डॉ0 पूनम पंत, डॉ0 सुमन गढिया, डॉ0 आशा बी0 पारछे, डॉ0 महेन्द्र प्रसाद, डॉ0 निशा, डॉ0 भावना कपकोटी, डॉ0 गीतू कुंवर, श्री भूपेन्द्र सिंह कण्डारी, चन्द्रा चौहान, श्री ओम प्रकाश, श्री जीवन सिंह, श्री अनिल कुमार, मनोज कुमार, प्रियंका, दीपा बिष्ट, प्रियांशी आर्या, आदि उपस्थित रहे।

कार्यकम का संचालन आयोजक सचिव डॉ0 उपासना शर्मा द्वारा किया गया।

Upasna 22/11/2023
डॉ0 उपासना शर्मा
(आयोजक सचिव)

प्राचार्य
प्राचार्य
स्व0श्री म0मो0उ0स्व0सं0से0
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
द्वाराहाट अल्मोड़ा 263653



स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653


**Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)**

**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com Website:www.gpgcdwarahat.**

**Certification programme on Financial Literacy-18-12-2014 (Offline) 15-02-2024 (Online)**









स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653

**Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)**

**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com Website:www.gpgcdwarahat.**

**One day training Programme for B.Com III Year and registered students of Devbhumi Udhyamita Yojna – 15-02-2024**



कार्यालय, प्राचार्य,स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।

आवश्यक सूचना

दिनांक 13.02.2024

महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं, उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं, वाणिज्य संकाय/अर्थशास्त्र विषय के अन्तिम वर्ष/महिलाओं एवं स्थानीय समुदायों तथा देव भूमि उद्यमिता योजना में पंजीकृत छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को प्रातः 10:30 बजे से एकदिवसीय निशुःल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया जायेगा। इसमें विशेष रूप से वित्तीय साक्षरता के साथ ही **Mutual Fund** एवं बैंकिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जायेगी।

अतः कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी प्रतिभागिता करना सुनिश्चित करें।

13.02.24

प्राचार्य



**Quiz Competition – Economics Department**

कार्यालय, प्राचार्य स्व0श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में क्विज प्रतियोगिता

आख्या

स्व0श्री म0मो0उपा0 स्व0सं0से0राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के पत्रांक:डिग्री प्लान/2593/2023–24 के दिनांक 28जुलाई 2023 के अनुपालन में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में 'क्विज प्रतियोगिता'का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग की ओर से किया गया। महाविद्यालय में अर्थशास्त्र की विभाग प्रभारी डा0 उपासना शर्मा द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। विद्यार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुँचाने की दृष्टि से एवं उनमें जनचेतना की भावना उत्पन्न कराने के लिए इस क्विज प्रतियोगिता की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला। महाविद्यालय में इतिहास विभाग प्रभारी डॉ0 अंजुम अली द्वारा क्विज प्रतियोगिता के लिए, तैयार किये गये तीस प्रश्नों को क्विज प्रतियोगिता के छः समूह (ग्रुप) से पूछा गया। इन समूहों में वैष्णवी समूह, गंगा समूह ऋतु पुजारी समूह, हिमानी समूह, प्रेरणा समूह तथा ज्योति समूह सम्मिलित थे।

इस क्वीज प्रतियोगिता में प्रेरणा समूह को प्रथम स्थान, ज्योति समूह को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तृतीय स्थान पर ऋतु पुजारी व हिमानी समूह ने समान अंक प्राप्त किये । क्विज प्रतियोगिता में प्रो0 नाजिश खान, डॉ0 शैलेन्द्र कुमार, श्री विपिन चन्द्र सुयाल, श्री कुलदीप सिंह, प्रदीप आर्या, करिश्मा आर्या, सुमन हराड़ी आदि उपस्थित थे।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 डी0एस0 कुंवर ने महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता कराये जाने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन लाभार्थियों की पहचान करके उनमें जन चेतना उत्पन्न कराना है।

आयोजक सचिव
(डॉ0 उपासना शर्मा)

(प्राचार्य)



स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653

**Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)**

**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com Website:www.gpgcdwarahat.**

सितम्बर, 2023







# कविता, शीतल बनीं विजेता

द्वाराहाट महाविद्यालय में प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।** हिंदी भाषा एवं साहित्य विभाग की ओर से हिंदी दिवस पर द्वाराहाट महाविद्यालय में पांच से नौ सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान वहां आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में मनीषा नेगी ने प्रथम, संगीता आर्या ने द्वितीय और सीमा आर्या ने तृतीय स्थान पाया।

रंगोली प्रतियोगिता में कविता, शीतल को पहला, डौली, मीनाक्षी भट्ट को दूसरा, कंचन रौतेला, दिव्या को तीसरा स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में निकिता त्रिपाठी, लक्षिता बिष्ट, रुचि पांडे और एकल नृत्य प्रतियोगिता में कविता, निकिता और बबीता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाया।

मुख्य अतिथि सावित्री कुंवर ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस पर शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य प्रो. धन सिंह कुंवर ने हिंदी भाषा का महत्व बताया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ. दर्शन सिंह की पुस्तक जलवायु परिवर्तन का हिमालय क्षेत्र के जैव संसाधनों पर प्रभाव का विमोचन किया गया।


संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निशा और छात्रा निकिता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डॉ. भारत उपाध्याय, पवन, महेश आदि मौजूद रहे। संवाद



**Alpana Competition, Mehandi competition- Hindi Department (14 September 2023)**

स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653
**Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)**
**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com Website:www.gpgcdwarahat.**

**One day Workshop (AIDS)**


कार्यालय, स्व0श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट(अल्मोड़ा)।


दिनांकः 05.04.2024

महत्वपूर्ण सूचना
श्लोगन प्रतियोगिता

स्व0 श्री म0 मो0 उपा0 स्व0 सं0 से0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। में गठित रेड रिबन क्लब द्वारा 'श्लोगन प्रतियोगिता' का आयेजन किया जाना प्रस्तावित हुआ है। इसमें प्रतिभागियों को एच0 आई0 वी0 की रोकथाम हेतु श्लोगन बनाकर महाविद्यालय में दिनांक 12 अप्रैल 2024 तक अवश्य जमा कराना है।

डॉ0 उपासना शर्मा
संयोजक
यूथ रेडक्रास इकाई
(रेड रिबन क्लब)

प्राचार्य


कार्यालय, स्व0श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट(अल्मोड़ा)।

दिनांक : 13.04.2024

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र – छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15 अप्रैल, 2024 को प्रातः 10:30 बजे यूथ रेडकास इकाई के अन्तर्गत गठित रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एच0आई0वी0/एड्स से सम्बन्धित जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कार्यशाला में पोस्टर प्रतियागिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कृत भी किया जाएगा।

इस कार्यशाला में समस्त छात्र – छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

संयोजक
डॉ0 उपासना शर्मा






कार्यालय, स्व0श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट(अल्मोड़ा)।

## यूथ रेडकास इकाई(रेड रिबन क्लब)

## (आख्या सत्र 2023–24)

उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के पत्रांक डिग्री प्लान/2526/2023–24 दिनांक 25 जुलाई 2023 के अनुपालन में स्व0 श्री म0 मो0 उपा0 स्व0 सं0 से0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा) में गठित यूथ रेडकास इकाई के अन्तर्गत रेड रिबन क्लब में सत्र 2023–24 में कई गतिविधियाँ/कार्यक्रम कराई गई। यह उत्तराखण्ड स्टेट एड्स नियंत्रण और राष्ट्रीय सेवा योजना के 2023–24 में **HIV** की रोकथाम एवं प्रचार से सम्बन्धित थे। विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत दिनांक 05.04.2024 को निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका विषय " राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका " रखा गया था। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डा0 निर्दोषिता बिष्ट, डा0 महेन्द्र प्रसाद व डा0 प्रमोद कुमार ने सहयोग प्रदान किया। इसमें प्रथम स्थान पर रश्मि बी0ए0 तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर गंगा पटवाल बी0ए0 तृतीय वर्ष तथा तथा तृतीय स्थान पर रितु पुजारी रहीं। इस प्रतियोगिता में सान्त्वना पुरूस्कार के कम में अंजलि तिवारी बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष एवं निकिता त्रिपाठी बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने समान अंक/ग्रेड प्राप्त किये।

यूथ रेडकॉस इकाई (रेड रिबन क्लब) के तत्वाधान में एच. आई. वी./एड्स से सम्बन्धित पोस्टर प्रतियोगिता का निर्णय दिनांक 12.04.2024 को किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णयाक मण्डल में डा0 आशा बी0 पारछें, डा0 शर्मिष्ठा व डा0 निशा शामिल थे। प्रतियोगिता में आकांक्षा बिष्ट (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर) ने प्रथम , हर्षिता बंगारी (बी0एस0सी0 चतुर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान तथा भावना अधिकारी ( बी0एस0सी0 चतुर्थ सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सान्तवना कम में निकिता मेहरा (बी0ए0 तृतीय वर्ष) तथा गंगा पटवाल (बी0ए0 तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता में डा0 पूनम पंत ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एच. आई. वी./एड्स से सम्बन्धित विशेष व्याख्यान का आयोजन भी कराया गया। इसमें डा0 बिपिन चन्द्र असि0 प्रो0 वनस्पति विज्ञान विभाग ने एड्स विषय पर एक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। इस वक्तव्य में उन्होने एड्स फैलने के विभिन्न माध्यमों की जानकारी दी साथ ही एड्स से बचाव के सम्बन्ध में समझाया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक अल्मोड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना, महाविद्यालय प्राचार्य, प्रो0 धन सिंह कुँवर, कार्यक्रम संयोजक डा0 उपासना शर्मा सदस्य डा0 संजीव सक्सेना, डा0 पूनम पंत, डा0 सुमन गढ़िया, महाविद्यालय प्राध्यापक डा0 अंजुम अली, डा0 प्रमोद कुमार, डा0 निशा, डा0 महेन्द्र प्रसाद, डा0 भावना कपकोटी, डा0 भगवती प्रसाद व समस्त कर्मचारी तथा छात्र – छात्राएँ उपस्थित रहे।

दिनांक 15 अप्रैल 2024 को यूथ रेडकास इकाई के अन्तर्गत एच. आई. वी./एडस पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा कार्यक्रम संयोजक द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया । तत्पश्चात बैच अलंकरण करके अतिथि सत्कार किया गया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक अल्मोड़ा, डा0 अभिमन्यु कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना में विगत वर्षो में हुए परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। यूथ रेडकास इकाई तथा रेड रिबन क्लब की सार्थकता को बताया।

यूथ रेडकास इकाई ( रेड रिबन क्लब ) की संयोजक डा0 उपासना शर्मा द्वारा सत्र 2023–24 में कराई गई प्रतियोगिताओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही समस्त प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल के सदस्यों का धन्यावाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय प्राध्यापक प्रो0 नाज़िश खान के कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों के समक्ष एच. आई. वी./एड्स के संवेदनशील विषय पर अपने विचार साझा किये। कुछ विद्यार्थियों ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करके कार्यशाला को सार्थक बनाया।

कार्यक्रम के अन्त में निबन्ध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान विजेता प्रतिभागियों कमशः रश्मि, गंगा पटवाल, तथा रितु पुजारी को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया। सान्त्वना पुरूस्कार के रूप में अंजलि तिवारी एवं निकिता त्रिपाठी को मेडल प्रदान किये गये।

कार्यशाला में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान आकांक्षा बिष्ट, द्वितीय स्थान हर्षिता बंगारी तथा तृतीय स्थान भावना अधिकारी स्मृति चिह्न प्राप्त कर्ता रही। पोस्टर प्रतियोगिता के लिए सान्तवना पुरूस्कार के रूप में निकिता मेहरा और गंगा पटवाल को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा मेडल प्रदान किये गये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 धन सिंह कुँवर ने मुख्य अतिथि के रूप में की। उन्हें जिला समन्वयक अल्मोड़ा डा0 अभिमन्यु कुमार, कार्यक्रम संयोजक डा0 उपासना शर्मा तथा प्रो0 नाज़िश खान द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि डा0 अभिमन्यु कुमार को भी स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला के समस्त कार्यक्रमों का संचालन डा0 पूनम पंत, सदस्य यूथ रेडकास इकाई (रेड रिबन क्लब) के द्वारा किया गया। छायांकन डा0 निशा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

Upasna
संयोजक 09.05.2024

प्राचार्य 09.05.
प्राचार्य
स्व0श्री म0मो0उ0स्व0सं0से0
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
द्वाराहाट अल्मोड़ा 263653

स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653

# Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)

Email:gpgcdwarahat@yahoo.com    Website:www.gpgcdwarahat.













**History Department**

**13-11-24-Quiz Competition**

**10-04-2023**

**Poster Competition**




इतिहास विभाग

दि॰- 13.11.2024

निर्णायक मण्डल -

1. प्रो॰ नाज़िश खान (अंग्रेजी विभाग)
2. डॉ॰ प्रमोद कुमार (राजनीति विज्ञान विभाग)

प्रथम – ग्रुप 3
द्वितीय - ग्रुप 1
तृतीय – ग्रुप 4 + ग्रुप 5



प्र॰14· 'यंग इंडिया' के लेखक कौन है -
(a) लाला लाजपत राय (b) तिलक (c) सुभाषबोस (d) जवाहरलाल नेहरू

प्र॰15· उग्र राष्ट्रवादियों ने स्वतन्त्रता हेतु किन साधनों का सहारा लिया -
(a) बहिष्कार (b) स्वदेशी (c) राष्ट्रीय शिक्षा (d) उपरोक्त सभी

प्र॰16· 'ऑपरेशन जीरो आवर' सम्बन्धित है -
(a) स्वदेशी आन्दोलन (b) भारत छोड़ो आ॰ (c) सविनय अवज्ञा आ॰ (d) असहयोग आ॰

प्र॰17· अमेरिका में 'गदर पार्टी' की स्थापना किसके द्वारा की गयी -
(a) लाला हरदयाल (b) भाई परमानन्द (c) श्यामजी कृष्ण वर्मा (d) भीकाजी कामा

प्र॰18· उदारवादी व उग्रवादी (नरम व गरम दल) मे विभाजन कब हुआ ?
(a) सूरत अधिवेशन (b) कलकत्ता अधिवेशन (c) बम्बई अधिवेशन (d) पूना अधिवेशन

प्र॰19· 1923 को स्वराज दल की स्थापना किसके द्वारा की गयी थी ?
(a) चितरंजन दास + मोतीलाल नेहरू (b) तिलक + सुभाष (c) तिलक + बेसेंट (d) उपरोक्त में कोई नहीं


प्र॰20· साइमन कमीशन मे कितने भारतीय सदस्य थे ?
(a) एक (b) तीन (c) पाँच (d) एक भी नहीं

प्र॰21· गाँधी जी द्वारा दांडी समुद्र तट पर नमक कानून कब तोड़ा गया ?
(a) 6 मार्च 1930 (b) 6 अप्रैल 1930 (c) 6 मार्च 1931 (d) 6 मार्च 1932

प्र॰22· गाँधी - इरविन समझौता कब हुआ ?
(a) 5 मार्च 1931 (b) 5 मार्च 1932 (c) 5 अप्रैल 1931 (d) 5 अप्रैल 1932

प्र॰23· कांग्रेस ने किस गोलमेज सम्मेलन मे भाग लिया ?
(a) प्रथम (b) द्वितीय (c) तृतीय (d) तीनों मे

प्र॰24· आर्य समाज के संस्थापक कौन थे ?



प्र॰1· 'अभिनव भारत' की स्थापना किसने की ?
(a) चन्द्रशेखर आजाद (b) भगत सिंह (c) वी॰डी॰ सावरकर (d) [illegible]

प्र॰2· बंग भंग आन्दोलन के प्रेरणास्रोत थे -
(a) राजाराम मोहन राय (b) हेनरी डिरोजियो (c) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर (d) सुभाष बोस

प्र॰3· वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट किस वायसराय के समय लागू किया गया -
(a) लार्ड लिटन (b) लार्ड रिपन (c) लार्ड डलहौजी (d) लार्ड कर्जन

प्र॰4· भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुयी ?
(a) 1857 (b) 1866 (c) 1884 (d) 1885

प्र॰5· "स्वतन्त्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मै इसे लेकर रहूँगा" कथन है →
(a) लाला लाजपत राय (b) लोकमान्य तिलक (c) महात्मा गाँधी (d) जवाहरलाल नेहरू

प्र॰6· गाँधी जी का प्रथम सत्याग्रह कौन सा है ?
(a) खेड़ा सत्याग्रह (b) चम्पारन सत्याग्रह (c) सविनय अवज्ञा (d) भारत छोड़ो


प्र॰7· कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) दादा भाई नौरोजी (b) W.C बनर्जी (c) जार्ज यूल (d) C.R. दास

प्र॰8· दाण्डी यात्रा की दूरी कितनी थी ?
(a) 380 Km. (b) 386 Km. (c) 389 Km (d) 390 Km

प्र॰9· 1857 की क्रान्ति का नेतृत्व किसने किया था ?
(a) बेगम हजरत महल (b) रानी लक्ष्मी बाई (c) बहादुर शाह जफर (d) तात्या टोपे

प्र॰10· आजाद हिन्द फौज की स्थापना किसके द्वारा की गयी ?
(a) सुभाष चन्द्र बोस (b) जानकी दास बोस (c) शरद बोस (d) महात्मा गाँधी

प्र॰11· बंगाल विभाजन के पश्चात कौन सा आन्दोलन प्रारम्भ किया गया -



स्व0 श्री मदन मोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा),उत्तराखंड -263653

## Government Post Graduate College Dwarahat (Almora)

**Email:gpgcdwarahat@yahoo.com Website:www.gpgcdwarahat.**






**History Department**

**14-10-2024 Green Campus Clean Campus**

**04-10-2024 Model Competition**